# १३ : कपडे की दूकान

## प्रश्नावली

प्रश्न 1. पढ़ो और बोलो

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बाज़ार | अच्छा | चाहिए | सिर्फ़ | लाना | पसंद है |
| दुकान | अपना | नमस्ते | जल्दी | रहना | सूट का कपड़ा |
| कपड़ा | दूसरा | धन्यवाद | ठीक | खरिदना | पैंट-शर्ट के कपड़े |

प्रश्न 2. पढ़ो और समझो

(क) (तुम/आप के प्रयोग)

| | | | |
|---|---|---|---|
| तुम | आओ | आप | आइए। |
| तुम्हें | क्या चाहिए? | आपको | क्या चाहिए? |
| तुम्हारा | नाम क्या है? | आपका | नाम क्या है? |

(ख)

| | | |
|---|---|---|
| तू | आप | आप |
| आ | आओ | आइए |
| बैठ | बैठो | बैठिए |
| देख | देखो | देखिए |
| पढ़ | पढ़ो | पढ़िए |
| दे | दो | दीजिए |
| पी | पीओ | पीजिए |
| कर | करो | कीजिए |
| ले | लो | लीजिए |

(ग) चिंता-फ़िक्र नया-पुराना
जल्दी-शीघ्र जल्दी-धीरे
धन्यवाद-शुक्रिया अच्छा-बुरा
सिर्फ़-केवल खरिदना-बेचना

प्रश्न 3. नमूने के अनुसार लिखो

नमूना :

झूठ मत बोलो |

आप झूठ मत बोलिए |

(I) कच्चे आम मत खाओ |

(II) तुम अंदर मत आओ |

(III) तुम यहाँ मत बैठो |

(IV) कक्षा में शोर मत करो |

(V) कूड़ा इधर - उधर मत फेंको |

प्रश्न 4. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो -

धन्यवाद, सिर्फ, नमस्ते, परसों, चिंता

(I) रसूल ने कहा, ..... विनोद भाई, आइए|

(II) दीपावली का त्यौहार कल नहीं..... है |

(III) मोहन...न करो, हम तुम्हारे जन्मदिन पर ज़रूर आएंगे |

(IV) कोई तुम्हारी मदद करे, तो कहना चाहिए...

(V) मुझे शरबत नहीं, ...... ठंडा पानी दीजिये|

प्रश्न 5. नमूने के अनुसार वाक्य बदलो -

नमूना : यह पत्र अभी भेजो |

वह पत्र कल भेजना |

(I) यह काम अभी करो |

(II) ये फल अभी खाओ |

(III) यह पाठ अभी पढ़ो |

(IV) वे चीज़ें अभी लाओ |

प्रश्न 6. नमूने के अनुसार वाक्य बदलो -

(क) नमूना : सलमा के पास किताब नहीं है |

सलमा को किताब चाहिए |

1. अमर के पास पैंट नहीं है |

2. शोभा के पास घड़ी नहीं है |

3. गोपालन के पास कैमरा नहीं है |

4. आशा के पास कलम नहीं है |

(ख ) नमूना : पिता जी को गरम चाय चाहिए |

पिता जी को गरम चाय दीजिए |

1. सुधा को किताब चाहिए |

2. लड़को को फुटबाल चाहिए |

3. मुझे ताज़े फल चाहिए |

प्रश्न 7. प्रश्नों के उत्तर दो -

1. कपड़े खरीदने कौन -कौन गए?

2. दुकानदार ने कैसे कपड़े दिखाए?

3. माँ को सूट का कपड़ा क्यों पसंद नहीं आया?

4. दीपावली पर अमर को क्या चाहिए?

# उत्तर

उत्तर 1. छात्र स्वयं प्रयास करें।

उत्तर 2. छात्र स्वयं प्रयास करें।

उत्तर 3.

1. आप कच्चे आम मत खाइए|
2. आप अंदर मत आइए |
3. आप यहाँ मत बैठिए |
4. आप कक्षा में शोर मत कीजिए|
5. आप कूड़ा इधर - उधर मत फेंकिए |

उत्तर 4.

1. रसूल ने कहा, <u>नमस्ते</u> विनोद भाई, आइए|
2. दीपावली का त्यौहार कल नहीं, <u>परसों</u> है |
3. मोहन <u>चिंता</u> न करो, हम तुम्हारे जन्मदिन पर ज़रूर आएँगे |
4. कोई तुम्हारी मदद करे, तो कहना चाहिए <u>धन्यवाद</u>|
5. मुझे शरबत नहीं, <u>सिर्फ</u> ठंडा पानी दीजिए|

उत्तर 5. 1. वह काम कल करना |

2. वे फल कल खाना |

3. वह पाठ कल  पढ़ना |

4. वे चीज़े कल लाना |

उत्तर 6. (क) 1. अमर को पैंट चाहिए |

2. शोभा को घड़ी चाहिए |

3. गोपालन को कैमरा चाहिए |

4. आशा को कलम चाहिए |

(ख) 1. सुधा को किताब दीजिए|

2. लड़को को फुटबाल दीजिए|

3. मुझे ताज़े फल  दीजिए|

उत्तर 7.

1. कपड़े खरीदने अमर व अनीता अपने माता जी  - पिता जी के साथ गए |

2. दुकानदार ने नए पैंट - पीस तथा अच्छे कपड़े दिखाए |

3. सूट का कपड़ा मुलायम तथा अच्छा नहीं होने के कारण माँ को सूट का कपड़ा पसंद नहीं आया |

4. दीपावली पर अमर को अपनी पसंद के नए पैंट चाहिए थे |